# चित्रकूट-पुलिस

(1). आज दिनांक 14.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा जनपद चित्रकूट को प्राप्त नये पीआरवी वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आपाताकालीन पुलिस सेवा को और प्रभावी तथा बेहतर बनाने हेतु डायल-112 मुख्यालय से जनपद चित्रकूट को 09 नये चार पहिया वाहन (स्कार्पियो) तथा 02 दो पहिया वाहन प्राप्त हुए हैं। पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर हरी झण्डी दिखाते हुए पीआरवी वाहनों को रवाना किया गया। डायल-112 में नये पीआरवी वाहनों के शामिल होने से आपातकालीन पुलिस सेवा और बेहतर तथा प्रभावाशाली होगी । नये पीआरवी वाहनों के आन्ने से तैनात पीआरवी वाहनो की सघनता में वृद्धि होगी जिससे रिस्पांस टाइम में सुधार करने में मददमिलेगी।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय,प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनाराण,प्रभारी डायल 112 श्री शिवमूरत यादव, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निरीक्षक श्री निशिकांत राय एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

(2). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री गौरव तिवारी व उनकी टीम ने मु0अ0सं0 381/2024 धारा 498(A),304(B) भादवि0 व ¾ डीपी एक्ट के आरोपी अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र जागेश्वर प्रसाद उर्फ करवरिया निवासी अमानपुर कपसेठी थाना कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री गौरव तिवारी
2. आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह
3. आरक्षी अतुल परिहार

(3). नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों

टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 12.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदय श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

(4). आज दिनाँक 12.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(5). आज दिनाँक 14.06.2024 को जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में व पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार की उपस्थिति में आगामी गंगा दशहरा व ईद-उल-जुहा (बकरीद) त्यौहार को

जनपद में शान्तिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई । बैठक में दोनो समुदायो के धार्मिक गुरू व गणमान्य लोगो के अलावा पुलिस अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहें। इस अवसर पर जनपद से आए मुस्लिम व हिन्दू धर्म गुरूओ व गणमान्य व्यक्तियो के द्वारा बताए गए सुझावो व समस्याओं को अमल करते हुये जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद चित्रकूट में हमेशा से गंगा जमुनी तहजीब के रूप में जाना जाता है, आगे भी सभी से अपील की जाती है कि शान्तिपूर्ण ढंग से त्यौहार को सम्पन्न कराने के लिये आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाए। उन्होनें सभी उप जिला मजिस्ट्रेटो व पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहें। नमाज अदा करने के स्थल व ईदगाह के आस पास बेहतर साफ सफाई, पेयजल, नगरीय क्षेत्रो में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रो में ग्राम पंचायतो के द्वारा नालियों की सफाई सुनिश्चित कराया जाए। उन्होने कहा कि ऐसे स्थलो को भी चिन्हित कर विशेष निगरानी रखी जाए, जहां पर सामूहिक रूप से कुर्बानी दी जाती हो, कुर्बानी दिये जाने वाले स्थलो पर गढ़्डा खोदकर अपशिष्ट को वहीं ढक दिया जाए, ताकि इधर-उधर बिखरने न पाए। उन्होनें यह भी कहा कि प्रतिबन्धित पशुओ की कुर्बानी किसी भी दशा में न की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि परम्परागत ढंग से चली आ रही व्यवस्थाओं के अतिरिक्त नई स्थलो पर कोई भी कार्य न करें। उन्होने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में सफाई, प्रकाश एवं पेयजल का दायित्व सुनिश्चित करेंगे। अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया कि त्यौहारो पर विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखे। मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने चिन्हित स्थलो पर तहसीलदार, नायाब तहसीलदार आदि की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी चिकित्सको व अन्य स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ ही एम्बुलेंस की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे।

जिलाधिकारी ने गंगा दशहरा त्यौहार की चर्चा करते हुये कहा कि रामधाट व अन्य घाटो पर जहां स्नान होते है, पर्याप्त मात्रा में बैरीकेटिंग तथा आवश्यकतानुसार जाली भी लगाया जाए तथा बच्चों व अन्य स्नानार्थियो को गहरे पानी में न जाए जागरूकता हेतु साइन बोर्ड भी लगाए जाए। कहां की दोनो त्यौहारो के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था हेतु आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए।

पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने कहा कि जनपद का गौरवशाली इतिहास रहा है कि अमन चैन भाई चारे के साथ हमेशा सभी के द्वारा मिल जुलकर त्यौहार मानाया जाता रहा हैं, उन्हो‌ने सभी गणमान्य व्यक्तियों व अधिकारियों से भी अपील करते हुए कहा कि अराजक तत्वो के द्वारा सोशल मीडिया पर अनावश्यक अफवाह फैलाया जाता है किसी के द्वारा बिना जाने समझे सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो अथवा अन्य कोई सामाग्री को आगे न बढ़ाया जाए यदि ऐसा कही किसी व्हाटसएप आता है तो सम्बन्धित थाने पर सूचित कराया जाए अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होनें कहा कि खुले में कुर्बानी न हो किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कोई भी धार्मिका कार्य न किया जाए। कुर्बानी के उपरान्त अवशेष अपशिष्ट को सुरक्षित ले जाया जाए, ताकि किसी को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए,

अफवाहो से दूर रहे, शान्ति भंग करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चंद्र निगम, उप जिला अधिकारी कर्वी श्री सौरभ यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री भूपेश द्विवेदी, अधिशासी अभियंता विद्युत श्री दीपक सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी श्री लाल जी यादव,धार्मिक गुरुओं में जिला सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद अर्चन, कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वारा चित्रकूट श्री सर्वेश त्रिपाठी, राजेश सिंह, छोटेलाल निषाद, मोहम्मद नसीम, मुजीब खान, पेश इमाम काजी मोहम्मद लतीफ सहित धार्मिक गुरु उपस्थित थे।

(6). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री विनोद कुमार शुक्ला सिंह एवं पैरोकार आरक्षी सुजीत यादव द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी श्री पीयूष कुमार यादव द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश ग्राम न्यायालय मानिकपुर सुश्री खुशबू चन्द्रा द्वारा थाना मानिकपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 73/2022 धारा 279,337,338 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त सुदीप कोल पुत्र लखन कोल निवासी बगदरी थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट 2500 रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

(7). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री गौरव तिवारी व उनकी टीम ने मु0अ0सं0 381/2024 धारा 498(A),304(B) भादवि0 व ¾ डीपी एक्ट के आरोपी अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र जागेश्वर प्रसाद उर्फ करवरिया निवासी अमानपुर कपसेठी थाना कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री गौरव तिवारी

2.आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह

3.आरक्षी अतुल परिहार